एक नजर में

संकल्प से समर्पण तक थीम पर वार्षिकोत्सव का आयोजन

सनावद, निप्र। श्रीरेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय में सत्र सात दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन 'संकल्प से समर्पण तक' थीम पर किया गया। पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि क्रांतिसूर्य टंट्या भील यूनिवर्सिटी खरगोन के कुलसचिव डॉ .मनोहरदास सोमानी एवं विशेष अतिथि विधायक सचिन बिरला, नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला,गुर्जर महासभा के अध्यक्ष जगदीश मोरान्या तथा एसडीएम सत्यनारायण दर्रो थे। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते ने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर वार्षिक प्रतिवेदन में प्रस्तुत किया ।विधायक सचिन बिरला ने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन की प्रेरणा दी। कुलसचिव डॉ .सोमानी ने प्रतियोगिता में सफलता का मंत्र दिया। एसडीएम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में विचलित नहीं हों और अपने लक्ष्य को हमेशा याद रखें और असफलता के दौरान भी उत्साह कम नहीं होने दें। एकेडमिक अध्यक्ष मीनाक्षी भावसार ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश पटेल, ओमप्रकाश पाटील,लेखराम पटेल,रामेश्वर सिनगुने,बेनीराम पाटील,आरती पाटिल, घनश्याम पटेल उपस्थित थे। संचालन डॉ .रीतेश डोंगरे एवं प्रो .निधि पुरोहित ने किया, आभार प्रो .राजेश सोहनी ने माना।

भगवान आदिनाथ का निर्वाण कल्याणक बड़े हर्षोल्लास से मनाया

सनावद, निप्र। जैन समाज की ओर से प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का निर्वाण कल्याणक शुक्रवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। सन्मति जैन काका ने बताया की अवसर पर आदिनाथ छोटा जैन मंदिर सहित बड़ा पार्श्वनाथ जैन मंदिर, सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर में महावीर जिनालय, श्रीमदर जिनालय एवं नमोकार धाम में अभिषेक, शान्तिधारा व पूजन के कार्यक्रम हुए एवं भगवान आदिनाथ के निर्वाण का लाडू चढ़ाया गया।इस अवसर पर आदिनाथ छोटा मंदिर में शांति धारा करने का सौभाग्य सुधीर कुमार प्रशांत कुमार चौधरी परिवार एवं आशीष कुमार झाझरी परिवार को प्राप्त हुआ एवं मुख्य लाडू चढ़ाने का सौभाग्य राजेश कुमार विशाल कुमार वैभव कुमार चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात सुनील डीपीस,आशीष झांझरी, सोनू जैन, प्रफुल्ल जैन अक्कू घाटे,नवीन भूच,राजेश जटाले, पुष्पेंद्र पंचोलिया , कमल काला,तपन जैन, सुनील भूच,संगीता बकलीवाल ,मंजुला भूच, रानी भूच, ,सरोज बाई ,महिमा जैन,रेणुजैन, अंकिता जैन, निधिझांझरी, पूर्णिमा जैन,सहित अनेक समाजजनों के द्वारा बड़े बाबा(आदिनाथ)विधान का किया गया। समाज के वरिष्ठ टीकमचंद जी भूच ने बताया की भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं, सभी तीर्थंकरों के पांच कल्याणक होते हैं, जिनमें अंतिम कल्याणक मोक्ष कल्याणक होता है। मोक्ष कल्याणक में तीर्थंकर शरीर, कर्म आदि से मुक्त होकर सिद्ध हो जाते हैं और उनका पुन: संसार में आवागमन नहीं होता है। मनुष्य जीवन के लिए संसार से मुक्ति सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि होती है। मोक्ष कल्याणक के माध्यम से भगवान आदिनाथ ने हजारों वर्ष पूर्व आज ही के दिन मोक्ष(निर्वाण) पद प्राप्त किया था। इस अवसर पर रात्रि में आरती व भक्ति का आयोजन किया गया।इस अवशर पर सभी समाजजनो अपनीउपस्थित दर्ज करवा कर धर्म प्रभावना में सहायक बने।

उमाशि नेकिये का सहायक प्राध्यापक पद के लिए चयन

खरगोन, निप्र। कसरावद विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघावन में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक आकाश नेकिये के सहायक प्राध्यापक पद पर चयन होने पर शनिवार को शाला परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य मुकेश खेडे ने बताया कि शाला के जीव विज्ञान विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक आकाश नेकिये का अनारक्षित श्रेणी में सहायक प्राध्यापक के लिए चयन हुआ है। श्री नेकिये प्रदेश में 31वीं रैंक पर चयनित हुए। उनके सम्मान में शाला परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री नेकिये ने बताया कि छात्र जीवन से ही वे विज्ञान विषय में रूचि लेते रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2018 में एमपी सेट और वर्ष 2021 में सीएसआईआर नेट उत्तीर्ण की। श्री नेकिये ने बताया कि वर्ष 2022 में उन्होंने मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा प्राणी शास्त्र विषय में आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसका परिणाम कुछ दिन पूर्व घोषित हुआ। इसमें उनकी प्रदेश में अनारक्षित वर्ग में 31वीं रैंक रही। श्री नेकिये ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, मार्गदर्शन देने वाले अध्यापकों साथी शिक्षकों व परिजनों को दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए निरंतर मेहनत की आवश्यकता है। इस दौरान प्रभारी उमाशि गोविंद पाटीदार, शंकरसिंह मोरी, राजेश शारदे, राधेश्याम तिरोले, लालसिह डावर, प्रभु चौहान, माध्यमिक शाला प्रभारी सचिन मोरेए रामेश्वर पाटीदार आदि ने श्री नेकिये को शुभकामनाएं देते हुए उनके शाला में दिए अध्यापन कार्य आदि की सराहना की। उमाशि चंपालाल बर्डे ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार श्री नेकिये ने माना।

मछलगाव में सामुहिक विवाह सम्मेलन, 42 जोड़ें होंगे शामिल

खरगोन, निप्र। मछलगाव में होने वाले 7 वें यादव समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। शनिवार को समाजजनों ने आयोजन स्थल पर विधिवत भूमिपूजन किया।इसके साथ ही यहां पंडाल लगाने की तैयारियां शुरु कर दी गई। समाजजनों ने बताया 42 जोड़े बसंत पंचमी पर एक दूसरे के जीवनसाथी बनेंगे। विवाह सम्मेलन के लिए पांडाल, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक संरचनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य एवं यादव समाज के युवा एवं बुजुर्ग पूरी निष्ठा के साथ व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। जैसे-जैसे आयोजन की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उत्सुकता बढ़ती जा रही है। सम्मेलन में विवाह करने वाले जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ भी दिया जायेगा।

महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

3 .10 लाख से अधिक बहनों को मिला लाभ, महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त पहल

नवभारत न्यूज

खरगोन, निप्र। महिला सशक्ति करण के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में माखन नगर, जिला नर्मदापुरम से 16 जनवरी 2026 को किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहना योजना के अंतर्गत जनवरी 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का हितग्राहियों के खातों में अंतरण किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ऑनलाइन वेबकास्ट के माध्यम से प्रदेशभर में देखा गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय आयोजन देवी अहिल्या उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01, खरगोन में किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में गिल्ली-डंडा, पतंग उड़ाना जैसी पारंपरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान लाडली लक्ष्मी योजना की लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि लाडली लक्ष्मी एवं लाडली बहना जैसी योजनाओं से बहनों और बेटियों के सम्मान में वृद्धि हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले की 3 लाख 10 हजार 340 बहनों के खातों में कुल 46.55 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई है। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पोषण प्रदर्शनी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा

वेस्ट सामग्री से तैयार बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। शक्ति भजन मंडली द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापूसिंह परिहार ने कहा कि जिला निरंतर प्रगति कर रहा है और जिले से 5 डिप्टी कलेक्टर बनना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत मंच हैं तथा लाडली बहना योजना से मातृशक्ति का आत्मसम्मान बढ़ा है। आने वाले समय में लाडली बहनों का सर्वे कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ने की योजना भी प्रस्तावित है।

गौरव दिवस के मंच पर बेटियों ने लोक संस्कृति को किया जीवंत



खरगोन, निप्र। गौरव दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक बार फिर निमाड़ की बेटियों ने लोक संस्कृति की परम्परा को जीवन्त कर देने वाली मनमोहक प्रस्तुतियों से निमाड़ का मान बढ़ा दिया है। यहां आयोजित समारोह के दौरा मंच पर कत्थक नृत्य एवं कला संस्थान की संचालिका गौरी देशमुख ने त्रिताल तराना की नयनाभिराम प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। तनिष्क रघुवंशी, मिताली चौधरी, प्रत्यक्षा जोशी, भव्या हिरवे ने अलबेला सजन, जननी जन्म भूमिश्च, स्वर्गादपि गरीयसी तथा तराना की प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। संस्थान की कॉर्डिनेटर ममता हिरवे ने संचालन किया। गौरी देशमुख ने बताया कि आगामी 27 जनवरी को ठीबगांव एवं 28 जनवरी नंदगांव में होने वाले आनन्द उत्सव में भी संस्थान की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएगी।

स्व . संदीप पुरोहित व माणक चंद्र कर्मा की स्मृति में अखिल भारतीय दो दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता शुरू

गोगावा, निप्र। मुख्यालय के मिडिल स्कूल मैदान पर स्वर्गीय संदीप पुरोहित व माणकचंद्र कर्मा की स्मृत्ति में दो दिवसीय अखिल भारतीय व्हालीबाल प्रतियोगिता की शुरुआत शनिवार को क्षेत्र के उद्योगपति नितिन पाटीदार व संजय जायसवाल के मुख्य आथित्य में शुरू हुई प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच की शुरुआत अथितियो द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टास करवाकर कीया गया उद्घाटन मैच सेगावां ओर बालसमुद की टीमों के बीच खेला गया आयोजन समिति ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय व चतुर्थ रहने वाली विजेता टीमों को आयोजन समिति द्वारा पारोतोषित इनाम भी दिया जाएगा । बताया जा रहा है कि इस

प्रतियोगिता में जिले के साथ ही इंदौर भोपाल मंदसौर कुक्षी सांवेर के अलावा राजस्थान के कोटा, गुजरात के दाहोद, महाराष्ट्र के बुलड़ाना आदि जगहों से भी टीमें भी प्रतियोगिता में शामिल होगी। आज हुए उद्घाटन मैच के रेफरी की भूमिका लखन यादव ने निभाई है इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव, गोगावा भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय राठौड़, वरिष्ट नेता ताराचंद यादव, राकेश रघुवंशी, नरेंद्र सिंह चौहान राजेंद्र पाटीदार, बबलू कर्मा, गणेश जोशी, हारून कुरेशी, गफ्फार खान, फैयाज खान, जफर मेकेनिक के साथ ही खिलाड़ी गणों के साथ दर्शक मौजूद थे।

तेज रफ्तार डंपर ने बाईक सवार भाई बहन को मारी भीषण टक्कर, युवती की मौत

बड़वाह, निप्र। इच्छापुर हाईवे पर शनिवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसा हुआ। बड़वाह में पुरानी जनपद के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक सवार भाई-बहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी 24 वर्षीय युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका भाई बाल-बाल बच गया। मृतक की पहचान 24 वर्षीय ऋचा पिता भगवती प्रसाद राजोरिया के रूप में हुई है। वहीं, उनके भाई आशु राजोरिया इंदौर सेंट्रल जेल में सहायक जेलर के पद पर पदस्थ हैं। शव को बड़वाह के शासकीय अस्पताल लाया गया। सुचना मिलते ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराणा भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आँशु से बातचीच करने के बाद मृतिका के परिजनों से भी चर्चा की।० सिर के ऊपर से गुजरा डंपर का पहिया-- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि गिरने के बाद डंपर का पिछला टायर ऋचा के सिर के ऊपर से गुजर गया। इससे सिर पूरी तरह कुचल गया और सड़क पर शव की स्थिति देख वहां मौजूद हर शख्स दहल गया।

बहन को देख मदद के लिए चीखता रहा भाई:- हादसे के बाद जब आशु जमीन से उठा, तो सामने बहन की क्षत-विक्षत लाश देख वह बदहवास हो गया। वह सड़क पर ही जोर-जोर से रोते हुए लोगों से मदद की गुहार लगाने लगा। घटनास्थल पर जमा भीड़ ने किसी तरह उसे ढाढस बंधाया।

इंदौर से ओंकारेश्वर जा रहे थे:- जानकारी के मुताबिक, आशु अपनी बहन ऋचा के साथ इंदौर से ओंकारेश्वर जा रहे थे। इसी दौरान बड़वाह में यह हादसा हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से निजी एम्बुलेंस द्वारा शव को बड़वाह सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा।

डॉक्टर मदन लाल सोनी को प्रदेश कार्यकारिणी में किया शामिल

महेश्वर, निप्र। नगर महेश्वर के जाने-माने चिकित्सक डॉ मदन लाल सोनी को भारतीय भागवत प्रचार मंडल भटिंडा पंजाब के अध्यक्ष जगजीवन शर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र कुमार जोशी ने पंडित हरिशंकर दूबे क्रांति अध्यक्ष मध्य प्रदेश की अनुशंसा पर मानव जाति की निस्वार्थ सेवा समाज सेवा तथा सनातन

कार्यों में तन मन धन से सेवा देने वाले मां नर्मदा तट एवं तीर्थ क्षेत्र महेश्वर में चिकित्सा क्षेत्र के अति व्यस्त चिकित्सक डॉक्टर मदन लाल सोनी को प्रदेश भगवत प्रचार मंडल में कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। चिकित्सक सोनी भक्ति भावना के साथ-साथ हर समय सनातन से जुड़े हुए सरकारियों में हमेशा तत्पर रहते हैं। पंडित आकाश दुबे वृंदावन से पंडित कृष्णकांत चतुर्वेदी छतरपुर से रमनलाल लड्ढा महेश्वरी उज्जैन से पवन गुरु मंगलनाथ मंदिर उज्जैन से अरुण अग्रवाल इंदौर प्रकाश त्रिपाठी झाबुआ गोपाल डोंगरे ओंकारेश्वर पंडित ओम शर्मा मानपुर से राजेश पारीक धामनोद एवं राजेंद्र गिरवाल धामनोद के साथ साथ जी 9 ग्रुप के जनक जरीवाला आतिश बिछवे अजय बिल्लौरे अशोक मेहता लखन पाटीदार विक्की सोनी ने डॉ मदन लाल सोनी को बधाइयां प्रेषित की।

हल्दी कंकू कार्यक्रम मनाया

कसरावद, निप्र। शनिवार को 20-20 कंपलेक्स परिसर में पार्षद रेखा हेमंत सोनी के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं की उपस्थिति में मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। श्रीमती रेखा हेमंत सोनी ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व महिलाओं के सुहाग का प्रतीक माना जाता है। महिलाएं एक दूसरे को हल्दी कंकू का तिलक कर एक दूसरे को उपहार देती है। महिलाओं ने एक दूसरे को गुड़, तिल्ली एवं मिठाई खिलाई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा अंताक्षरी का आयोजन किया गया एवं हर्ष उल्लास के साथ विभिन्न गानों पर नृत्य की भी प्रस्तुतियां दी। इस आयोजन को सभी ने सराहा।

बंदियों को दी नि :शुल्क विधिक सहायता की जानकारी

खरगोन, निप्र। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति राजकुमार यादव ने टेमला रोड़ स्थित जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में निरूद्ध बंदीगण के रहन-सहन, खान-पान, स्वास्थ्य, विधिक सहायता आदि विषयों के बारे में जानकारी ली। शिविर के दौरान बंदियों को जमानत एवं अपील के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा नि:शुल्क विधिक सहायता अधिवक्ता योजना से बारे में बताया गया। बंदियों द्वारा उनके प्रकरण संबंधी समस्या के बारे में पूछे जाने उन्हें उचित सलाह दी गई। इस दौरान जिला जेल उप अधीक्षक श्रीमती सुभद्रा ठाकुर, लीगल एड डिफेंस से संजय त्रिपाठी, सुश्री शाईजा शेख, पैरालीगल वालेंटियर मुर्शरफ खान व जेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में

उमिया शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'अभ्युदय 2026' का भव्य शुभारम्भ हुआ

'सांस्कृतिक कार्यक्रम किसी भी संस्था की आत्मा होते हैं' : कुलगुरु प्रो . मोहनलाल कोरी

नवभारत न्यूज

मंडलेश्वर, निप्र। उमिया कन्या महाविद्यालय एवं उमिया शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'अभ्युदय 2026' का भव्य शुभारम्भ क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मोहनलाल कोरी की अध्यक्षता, मंडलेश्वर एसडीएम पूर्वा मंडलोई के मुख्य आतिथ्य एवं एसडीओपी श्वेता शुक्ला के विशेष आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय समिति अध्यक्ष कमलकिशोर पाटीदार, उपाध्यक्ष गुलाबचंद पाटीदार, महेश पाटीदार, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार एवं श्रीमती ज्योति पाटीदार, कोषाध्यक्ष सुभाष पाटीदार, सचिव बाबूलाल पाटीदार, मीडिया प्रभारी अखिलेश पाटीदार सहित समिति के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार ने दिया तथा अतिथि परिचय शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ब्रह्मप्रकाश शर्मा ने कराया। वार्षिक प्रतिवेदन कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवेन्द्र

शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलगुरु प्रो. मोहनलाल कोरी ने कहा कि 'सांस्कृतिक उत्सव किसी भी संस्था की आत्मा होते हैं। भौतिकता के बढ़ते प्रभाव के बीच हमें माता अहिल्याबाई के सादगी, त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करना चाहिए।' उन्होंने नारी सशक्तिकरण को समाज के लिए प्रेरक शक्ति बताया।मुख्य अतिथि एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने छात्राओं को परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारण का संदेश देते हुए कहा कि यूपीएससी एवं पीएससी जैसी परीक्षाएँ कठिन नहीं, सतत मेहनत से सरल बनाई जा सकती हैं। विशेष अतिथि एसडीओपी श्वेता शुक्ला ने अभिभावकों से बालिकाओं को शिक्षा, खेल एवं करियर के हर क्षेत्र में पूरा सहयोग देने की अपील की।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ बनीं आकर्षण का केंद्र:- महाविद्यालयीन छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। बी.एससी. फाइनल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव विशेष आकर्षण रहा। इसके साथ ही गणगौर नृत्य, आदिवासी लोकनृत्य तथा ऑपरेशन सिंदूर विषयक भावपूर्ण प्रस्तुति ने कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम से पूर्व कुलगुरु का स्वागत पाटीदार कन्या छात्रावास ट्रस्ट में किया गया, जहाँ हायर सेकेंडरी स्कूल की एनसीसी कैडेट्स ने सीएचएम गोपी चौहान के नेतृत्व में सम्मान दिया। उमिया गर्ल्स एकेडमी के बैंड दल की लीडर डाली चौहान ने मनमोहक धुन प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।